दिनांक 15.01.2026 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

# आयुक्त ने जोन–4 खुर्सीपार का किये सघन निरीक्षण

भिलाईनगर। शहर के विकास एवं नागरिको को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन–4 खुर्सीपार क्षेत्र अंतर्गत नवीन डामरीकरण सड़क, अवैध अतिक्रमण, एस.एल.आर.एम. सेंटर का निरीक्षण किये। साथ ही शहर में कराये जा रहे निर्माण एवं संधारण जैसे कार्यो को समयावधि में पूर्ण कराने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

शिवाजी नगर जोन–4 खुर्सीपार क्षेत्र अंतर्गत छावनी मंगल बाजार बस्ती में नवीन डामरीकरण सड़क का निर्माण किया गया है। जिसका निरीक्षण आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे द्वारा किया गया। सघन बस्ती होने के कारण हजारों नागरिको को सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी। समीपस्थ सड़क किनारे नल कनेक्शन का गडडा किया गया है, जिसका जायजा लिये और अनावश्यक बहने वाले पानी को रोकने कहा गया है। स्थानीय नागरिको द्वारा नाली के उपर अवैध अतिक्रमण किया गया है, अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर अवैध अमिक्रमण हटवाने कहा गया है। वार्ड में सड़क किनारे अस्थाई बाथरूम बनाकर उपयोग किया जा रहा है, जिसे हटवाने निर्देश दिए हैं।

आयुक्त द्वारा छावनी चौंक से बीरासिंह चौंक तक निर्माणाधीन डामरीकरण सड़क अवलोकन किया गया है। सड़क निर्माण का कार्य अधूरा है, जिसे जल्द पूर्ण कराने को कहा गया है। समीपस्थ निर्माणाधीन एस.एल.आर.एम. सेंटर का जायजा लिये, एजेंसी को शेष बचे कार्य समय पर पूर्ण करने निर्देशित किये है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, राजस्व निरीक्षक विजेंद्र परिहार, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव, जोनल सहित सुपरवाईजर उपस्थित रहे।

